राजयोगी ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी एक अलौकिक व्यक्तित्व

पंजाब विश्व विद्यालय से इंजीनियरिंग स्नातक भाईजी एक विलक्षण प्रतिभा है, जिन्होनें महज किताबी बातों के आधार पर आध्यात्मिक जीवन नहीं अपनाया बल्कि सुतर्कवादिता से आध्यात्म का गहन अध्ययन, चिंतन, मनन करते हुए प्रभु पिता के आह्वान और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा के सान्निध्य में सन् १९५६ में अपना जीवन ईश्वरीय सेवार्थ समर्पित किया ।

भाईजी का व्यक्त्वि यह स्पष्ट करता है कि आध्यात्म का अर्थ जीवन से पलायन नहीं वरन् समग्र समाज के लिए निमित्त भाव से अधिक जिम्मेदारी पूर्ण जीवन जीना है । अथक सेवाधारी भाई जी के कुशल निर्देशन में पंजाब, हरियाणा, उ.प्र, म.प्र, छत्तीसगढ, राजस्थान और उडीसा में अनेक सेवा केन्द्रों की स्थापना और संचालन हुआ, जहाँ से अब तक मानव सेवा अहर्निश जारी है । 1969 में पिताश्री ब्रह्मा के देहत्याग के उपरांत आपने उनके आदेशानुसार इन्दौर जोन की स्थापना की, जिसके अंतर्गत वर्तमान राजस्थान, म.प्र, छत्तीसगढ और उडीसा में लगभग ६०० सेवाकेन्द्र कार्यरत हैं । इन्दौर जोन का क्षेत्रीय कार्यालय ओमशांति भवन, न्यू पलासिया, इन्दौर में स्थित है । वहीं से भाई जी बतौर क्षेत्रीय निदेशक ईश्वरीय सेवाओं का संचालन करते हैं।

असीम क्षमताओं के सागर भाईजी इसके अलावा संस्था के दो मुख्य आधार स्तंभ संगठन 'ब्रह्माकुमारीज एज्यूकेशनल सोसायटी' तथा 'राजयोग शिक्षण एवं अनुसंधान प्रतिष्वान के संचालन मण्डल' के सदस्य हैं । इन्दौर में दिव्य जीवन कन्या छात्रावास तथा 500 से अधिक मूर्तियों का निर्मित विश्व दर्शन आध्यात्मिक संग्राहालय रायपुर स्थित शांति सरोवर-उच्च अध्ययन और अनुभूति संस्थान तथा सुदूर आदिवासी अंचलों में आदिवासियों को निर्व्यसनी जीवन जीते हुए मुख्य सामाजिक धारा में जोडने के उद्धेश्य से लगभग ६० गीता पाठशालाओं के आप संस्थापक व निदेशक है । अपनी विभिन्न विदेश यात्रोओं के दौरान आपने अनेक आत्माओं का आध्यात्मिक मार्गदर्शन किया है ।

सकरात्मक मीडिया देने के प्रति कृत संकल्प भाई जी संस्था के मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ओमशांति चैनल्स प्रा.लि.के वरिष्ठ सलाहकार है । संस्था के मीडिया विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई जी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रयासों से मीडिया महासम्मेलन संस्था के मुख्यालय माउण्ट आबू में आयोजित होते रहे है, जिनमें देश के प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सायबर मीडिया से सम्बद्ध लगभग २००० ख्यातनाम मीडिया कर्मी प्रतिवर्ष सम्मिलित होते है । इन सम्मेलनों के स्वस्थ वातावरण में आयोजित परिसंवादों और परिचर्चाओं के परिणाम स्वरुप मीडिया क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय सकारात्मक परिणाम मिलें हैं ।

इसी के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र से सम्बद्ध संस्थाओं इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एज्युकेटर्स फॉर वर्ल्ड पीस एवं कॉमनवेल्थ एसोसिशन फॉर एज्यूकेशन द्वारा गत अक्टूबर (संयुक्त राष्ट्र दिवस) को गाँधीनगर, गुजरात में एक भव्य समारोह में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में 'इंटरनेशनल अवार्ड इन मीडिया फॅार स्प्रीच्युलिटी' प्रदान किया गया ।